# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अबरार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी शशिकांत यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज सी0डी0 श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनाँक 07.04.2026 को थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 157/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम के आरोपी अभियुक्त कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र राजाबेटा निवासी ग्राम अशोह थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 3670/- रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

**(3).** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को संयुक्त रूप से निर्माणाधीन संकुल भवन (जिला सूचना कार्यालय) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस भवन के निर्माण हेतु 484.55 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण कार्य आवास विकास परिषद, बांदा द्वारा कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने मौके पर लगाए जा रहे ग्रेनाइट की गुणवत्ता की जांच की। ठेकेदार द्वारा आश्वस्त किया गया कि निर्माण में उच्च श्रेणी की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

जिला सूचना अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार को निर्देशित किया गया कि भवन में उपयोग होने वाले विद्युत उपकरण (स्विच, बटन, पाइप आदि) मानक के अनुरूप एवं उच्च गुणवत्ता के हों।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि टॉयलेट की ढलान (स्लोप) सही दिशा में होनी चाहिए, ताकि भविष्य में लीकेज या जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लगे सभी मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया गया कि मैनपावर बढ़ाकर शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें। साथ ही, अधूरी बाउंड्री वॉल को भी शासन की मंशा के अनुरूप जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।
निरीक्षण के समय सहायक अभियंता कृष्ण कुमार, अवर अभियंता रोहित सिंह, ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनांक 07.04.2026 को जनपद चित्रकूट में कलेक्ट्रेट सभागार सोनपुर में जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार की उपस्थिति में मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत थीम "हक की बात जिलाधिकारी के साथ व शक्ति संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं

व बालिकाओं को मिशन शक्ति के वीडियो दिखाए गए, जिसमें महिला कल्याण विभाग की योजनाएं, बालिकाओं को मिलने वाली सुरक्षा व सुविधाएं और महिलाओं के कानून आदि से संबंधित वीडियो प्रसारित किए गए। जिस पर यह संदेश दिया गया कि बालिकाएं इन वीडियो के द्वारा प्रोत्साहित होकर आत्मनिर्भर बनने की कोशिश से प्रयास तक का सफर कर सकती हैं। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय को शक्ति संवाद के रूप में उपस्थित विद्यालय व अभ्युदय कोचिंग तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं से परिचय कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में बालिकाओं द्वारा जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय से विभिन्न प्रश्न पूछे गए जैसे की कॉलेज व विद्यालय में मानसिक रूप से विक्षिप्त बालिकाओं के लिए कोई मनोवैज्ञानिक की उपलब्धता, एक बालिका द्वारा सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे एस्पायरेंट के लिए असफल होने पर उनको क्या मोटिवेशन दिया जाए,वही कुछ छात्राओं द्वारा इंटर कॉलेज की मांग, आयुष्मान भारत, ऑनलाईन हरासमेंट, माता पिता का सपना व आवास आदि की समस्या बताई गई। सभी प्रश्नों को सुनने के बाद जिलाधिकारी महोदय द्वारा बालिकाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही सरल रूप से जवाब दिया गया, जिस पर सबसे पहले महोदय द्वारा उपस्थित सभागार में सभी लोगों को यह समझाया गया कि सर्वप्रथम हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए किंतु आज समाज में "आत्म "शब्द हटाकर सिर्फ निर्भर बचा है, हमें अपने आप को पढ़ लिखकर इतना सक्षम बना देना चाहिए कि हमें कहीं से कुछ मिल जाए या सरकार से हमें सब कुछ हमारे घर के पास ही मिल जाए इसकी उम्मीद ना करें। हम स्वयं इतने सक्षम हो जाए कि हम लोगों को रोजगार दे सके और उनकी मदद कर सके। जिलाधिकारी महोदय के जवाब से सभी संतुष्ट रहे।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा साइबर क्राइम से जुड़ी घटनाओं का वर्णन किया गया, जिस पर उन्होंने मोबाइल फोन का सदुपयोग करने अनजाने लोगों से सोशल मीडिया में दूर रहने के लिए कहा गया। यदि फिर भी किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 का प्रयोग करने तथा हर थाने में महिला हेल्प डेस्ककी सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। और प्रेरणा के रूप में अर्जुन द्वारा मछली की आंख को ही लक्ष्य समझना जैसे उदाहरण देकर बालिकाओं को अपने लक्ष्य की ओर तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं बालिका द्वारा पूछे गए सवाल मनोवैज्ञानिक की उपलब्धता हेतु उपस्थित डॉक्टर द्वारा जानकारी दी गई की टोल फ्री नंबर 14416 में सुविधा प्रदान की जा रही है उसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ प्राप्त कर रही बालिका दिव्यांशी ने हाईस्कूल में 93% प्राप्त किया, वहीं कन्या सुमंगला योजना की का लाभ पाने वाली बालिका नव्या ने हाई स्कूल में 90% प्राप्त किया। इनके अलावा स्वयं सहायता समूह की महिला राजाबेटी ने अपनी प्रेरक कहानी बताई जिस पर बताया गया कि समूह की धनराशि की मदद से उन्होंने सर्वप्रथम दूध डेरी खोली उसके मुनाफे से उन्होंने फिर आटा चक्की खोला और अब वह दाल, बेसन और तेल पैकिंग आदि का काम कर रही हैं। समूह की दूसरी महिला अनीता ने अपनी सफलता की कहानी बताई जहां पर उन्होंने बताया कि समूह की मदद से ही उन्होंने चप्पल निर्माण का काम भी शुरू किया । उपर्युक्त दोनों बालिकाओं और महिलाओं को जिलाधिकारी महोदय वह पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी पुलकित गर्ग जी, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार जी, जिला समाज कल्याण अधिकारी- वैभव त्रिपाठी जी, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी- प्रियंका यादव जी ,जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता जी व हब की टीम से डीएमसी प्रिया माथुर जेंडर स्पेशलिस्ट मीनू सिंह और अरविंद कुमार एमटीएस अभिषेक शुक्ला ओ एस सी से रंजीता पांडे, जे. एम. विद्यालय की बालिकाएं, केंद्रीय विद्यालय की बालिकाएं व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाएं, नारी अदालत की टीम, समूह की महिलाएं व विद्यालय की अध्यापिकाएं आदि लोग उपस्थित रहे।